राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018

www.rsmssb.rajasthan.gov.in दूरभाष नं. 0141–2722520

क्रमांकःप.8(67)RSSB / प.आ. / ग्रा. वि. अ.(प्रा.)सी.भ.प. / 2021 / 1097 दिनांकः 01/12/2021

विज्ञप्ति

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा विज्ञापन संख्या 04 / 2021 क्रमांक 986 दिनांकः 06.09.2020, द्वारा ग्राम विकास अधिकारी सीधी भर्ती परीक्षा–2021 हेतु आवेदन आमंत्रित किए गये थे तथा संशोधित विज्ञप्ति क्र. 1309 दिनांकः 28.10.2021 को जारी की गई थी। ग्राम विकास अधिकारी सीधी भर्ती (प्रारम्भिक) परीक्षा–2021 के आयोजन की तिथि 27.12.2021 एवं 28.12.2021 नियत कर दिनांक 28.09.2021 को प्रेस नोट प्रकाशित किया गया था, तदानुसार ही ग्राम विकास अधिकारी सीधी भर्ती (प्रारम्भिक) परीक्षा–2021 का आयोजन निम्न तालिका में अंकित कार्यक्रम के अनुसार किया जायेगाः–

क्र. सं.	दिनांक	चरण	परीक्षा आयोजन का समय
1.	27.12.2021 (सोमवार)	प्रथम चरण	02:00 hr (10:00 am to 12:00 noon)
2.	27.12.2021 (सोमवार)	द्वितीय चरण	02:00 hr (02:30 pm to 04:30 pm)
3.	28.12.2021 (मंगलवार)	तृतीय चरण	02:00 hr (10:00 am to 12:00 noon)
4.	28.12.2021 (मंगलवार)	चतुर्थ चरण	02:00 hr (02:30 pm to 04:30 pm)

उपरोक्त परीक्षा के अभ्यर्थियों को निम्नानुसार सूचित किया जाता है किः–

1. उक्त पदों की परीक्षाओं **हेतु अभ्यर्थी अपना प्रोविजनल ई–प्रवेश पत्र बोर्ड की वेबसाईट अथवा स्वयं के SSO ID के माध्यम से डाउनलोड़ करने के संबंध में बोर्ड द्वारा अलग से विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जायेगा।** बोर्ड द्वारा परीक्षार्थियों को अलग से प्रवेश पत्र प्रेषित नहीं किये जायेंगे ।
2. **परीक्षाओं के सम्बन्ध में विभिन्न सोशल मीडिया पर किये जा रहे भ्रामक प्रचार पर विश्वास न करें। बोर्ड द्वारा राज्य स्तरीय प्रतिष्ठित समाचार–पत्रों में एवं बोर्ड की वेबसाईट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर प्रकाशित विज्ञप्ति द्वारा दी गई जानकारी को ही अधिकृत माना जावे।**
3. नवीनतम एवं अद्यतन सूचनाओं की जानकारी के लिए बोर्ड की वेबसाईट www.rsmssb.rajasthan.gov.in का नियमित रूप से अवलोकन करें।

(हरि प्रसाद शर्मा)
अध्यक्ष